ऑनलाइन विस्तृत आवेदन प्रपत्र (डीएएफ) भरने संबंधी दिशा-निर्देश

परीक्षाओं के लिखित भाग/प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर अर्हक उम्मीदवारों को विस्तृत आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरना होगा

क. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा नियमावली को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसमें भारत के राजपत्र में यथाप्रकाशित पात्रता की शर्तें आदि शामिल हैं। यह नियमावली लिंक www.upsc.gov.in/ परीक्षाओं हेतु विस्तृत आवेदन प्रपत्र पर उपलब्ध है।

ख. विस्तृत आवेदन प्रपत्र को भरने से पहले निम्नलिखित अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें :

आवेदन कैसे करें :

क. उम्मीदवारों को www.upsc.gov.in वेबसाइट का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन विस्तृत आवेदन प्रपत्र भर कर जमा करना होगा।

ख. उम्मीदवारों कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन विस्तृत आवेदन प्रपत्र सभी कॉलम सही प्रकार से भरे गए हैं। ऑनलाइन विस्तृत आवेदन प्रपत्र में की गई किसी भी प्रविष्टि को परिवर्तित करने के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा किए गए किसी भी अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

दिशा-निर्देश

1. लिखित भाग में अर्हक घोषित हुए उम्मीदवारों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन प्रपत्र (डीएएफ) भरने से पहले वेबसाइट www.upsc.gov.in पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा।
2. उम्मीदवारों को लॉग-इन बटन के नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके अपना पंजीकरण एकाउंट बनाना होगा।
3. पंजीकरण मॉड्यूल में, अपना नाम (मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी परीक्षा प्रमाण-पत्र के रिकार्ड के अनुसार), अनुक्रमांक (छह अंकीय फॉर्मेट में) तथा जन्म-तिथि (मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी परीक्षा प्रमाण-पत्र के रिकार्ड के अनुसार) और ई-मेल पता दर्ज करना होगा।
4. (क) सभी प्रविष्टियां (फील्ड) करना अनिवार्य है।
   (ख) उम्मीदवार कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि ई-मेल पते के फील्ड में उन्होंने अपना मान्य तथा सक्रिय ई-मेल पता प्रदान किया है क्योंकि आवेदन प्रपत्र भरने के लिए लॉग-इन संबंधी जानकारी, प्रदान किए गए ई-मेल पते पर ही भेजी जाएगी।
5. सबमिट बटन दबाने के बाद उम्मीदवारों को स्क्रीन पर एक संदेश प्राप्त होगा, जिसमें उनके नाम और ई-मेल का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा और बताया जाएगा कि उनका पंजीकरण हो गया है और एक पासवर्ड उनके ई-मेल पते पर भेज दिया जाएगा।
6. इसके बाद उम्मीदवारों को वेबसाइट (www://upsc.gov.in) पर वापस जाना होगा और अपने अनुक्रमांक (छह अंकीय संख्या) और पासवर्ड के जरिए लॉग-इन मॉड्यूल में लॉग-इन

करना होगा।

7. ऑनलाइन विस्तृत आवेदन प्रपत्र (डीएएफ) के छह मॉड्यूल हैं, जैसाकि ऊपर उल्लेख किया गया है, नामतः - व्यक्तिगत, शैक्षणिक सूचना, माता-पिता संबंधी सूचना, रोजगार संबंधी सूचना, दस्तावेज अपलोड करें और अंतिम रूप से सबमिशन (अर्थात् फाननल सबमिशन मॉड्यूल)।

8. उम्मीदवारों को चाहिए कि वे अपने आवेदन प्रपत्र को अंतिम रूप से ऑनलाइन जमा करने से पहले अंतिम रूप से सबमिशन मॉड्यूल के माध्यम से सभी मॉड्यूलों को पूर्ण रूप से भर लें।

9. उम्मीदवारों को चाहिए कि वे प्रत्येक मॉड्यूल को भरने के बाद उसे **सेव** कर लें। हालांकि, उम्मीदवारों को यह विकल्प उपलब्ध होगा कि वे विस्तृत आवेदन प्रपत्र (डीएएफ) को अंतिम रूप से जमा करने से पहले किसी भी मॉड्यूल में परिवर्तन कर सकें। **अंतिम रूप से जमा कर देने के उपरांत कोई ऑनलाइन परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।**

10. उम्मीदवारों को विस्तृत आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी अनुदेशों में यथाउल्लिखित आयु, शैक्षणिक योग्यता, समुदाय तथा शारीरिक विकलांगता संबंधी प्रमाण-पत्र आदि की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी।

11. उम्मीदवार यह नोट कर लें कि कुछेक फील्ड, नामतः उम्मीदवार का नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम, माता का नाम आदि की सूचना लिखित परीक्षा/ प्रारंभिक लिखित परीक्षा संबंधी आवेदन प्रपत्र भरते समय उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर पहले ही भरे जा चुके हैं। इन फील्डों में उम्मीदवार द्वारा कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। तथापि, यदि उम्मीदवार इन फील्डों में कोई त्रुटि/गड़बड़ी पाते हैं, तो वे अपने दावे के समर्थन में सभी संगत दस्तावेजों सहित आयोग के समक्ष अलग से विस्तृत अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोग ऐसे प्रत्येक मामले में औचित्य (मेरिट) के आधार पर निर्णय देगा और ऐसे मामलों में उसका निर्णय अंतिम होगा।

****